वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन
WORKING JOURNALIST UNION

मध्यप्रदेश का एकमात्र ऑल इंडिया न्यूज पेपर एम्पलाईज फेडरेशन से संवद्ध - ट्रेड यूनियन रजि.नं. 6371
मुख्यालय : एफ-88/19, तुलसी नगर, भोपाल (म.प्र.) फोन : 2760936, मेल : sharda.bpl@rediffmail.com, मो. 9425609484

राधावल्लभ शारदा
राष्ट्रीय सचिव ए.आई.एन.ई.एफ. (दिल्ली)
प्रांतीय अध्यक्ष (मध्यप्रदेश)

दिनांक 30/12/2010

प्रेस नोट

भोपाल में जुटेंगे देश-विदेश के नामी पत्रकार व चिंतक

भोपाल। पत्रकारिता के विभिन्न आयामों के साथ जुड़कर समस्त विश्व, पत्रकारिता व चिंतकों के लिए चिंता व चिंतन का सबब् बन चुके पत्रकारिता के नए पहलू 'पेड न्यूज' पर चिंतन के लिए देश-विदेश के नामी पत्रकार व बुद्धिजीवी रविवार को भोपाल में एकत्रित होने जा रहे है। इस गंभीर विषय पर चिंतन के लिए वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने एक परिचर्चा आयोजित की है, जिसमें ये भागीदारी करेंगे। इस परिचर्चा में केरल, आंध्रप्रदेश, गोवा, उड़ीसा, कर्नाटक, उत्तराखंड, गुजरात, असम, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, झारखंड आदि 18 राज्यों के वरिष्ठ पत्रकार व बुद्धिजीवी हिस्सा लेगें। इनके इलावा पड़ोसी देश श्रीलंका के शीर्ष पत्रकार भी इस परिचर्चा में शामिल होगें। 2 जनवरी को स्थानीय शहीद भवन, एम.एल.ए.रेस्ट हाउस दोपहर 12.15 बजे से होने वाली इस परिचर्चा की अध्यक्षता बालाभास्कर एस (हैदराबाद) करेंगे।
संजीव भानावत (जयपुर), नारायण शर्मा (रायपुर), मनोज श्रीवास्तव (आयुक्त भोपाल संभाग), व्ही.के. कुठियाला (कुलपति, माखनलाल चतुर्वेदी वि.वि.भोपाल), ओम मेहता (सम्पादक नई दुनिया, भोपाल)। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि रमेश शर्मा विषय प्रर्वतक होंगे। इस परिचर्चा के संयोजक आदित्यनारायण उपाध्याय है। वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने इस परिचर्चा में सभी बुद्धिजीवियों व पत्रकारों से शामिल होने की अपील की है।

वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की बैठक सम्पन्न

भोपाल। 'पेड न्यूज' विषय पर 2 जनवरी (रविवार) को होने वाली परिचर्चा के आयोजन की तैयारियों को लेकर वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की बैठक स्थानीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने की। इस बैठक में रविवार को होने वाले इस आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। बैठक में आदित्यनारायण उपाध्याय, विजय गुप्ता, अवधेश दीक्षित, रमेश चन्द्र सोनी, महेश नागर, शान्तनु शर्मा, सैफुउद्दीन सैफी, निर्मल पचौरी, विजय रंजन श्रीवास्तव, कन्हैयालाल विश्वकर्मा सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

प्रकाशनार्थ

सम्पादक महोदय
कृपया आपके लोकप्रिय समाचार
पत्र में स्थान देने का कष्ट करें।

शान्तनु शर्मा

(प्रचार प्रमुख)